RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : रविवार 03 दिसंबर 2023 | वर्ष 05 | अंक 221 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 4 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक
# रोकठोक लेखनी
खबरें बे-रोकटोक

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

## एकनाथ शिंदे से राज ठाकरे के मिलने का क्या है मकसद

## महाराष्ट्र में सियासी हलचल तेज



**मुंबई :** महाराष्ट्र की राजनीति में एक बार फिर हलचल तेज है। महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना प्रमुख राज ठाकरे ने आज मुंबई में सीएम एकनाथ शिंदे से उनके आवास पर मुलाकात की। राज ठाकरे ने सीएम से मुलाकात के बाद कई बाते रखीं। ठाकरे ने अनिवार्य मराठी साइनबोर्ड लागू करने और टोल बूथ मुद्दे पर चर्चा की। हालांकि, माना जा रहा है कि दोनों के बीच कुछ राजनीतिक मुद्दों पर भी बातचीत हुई। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने दावा किया है कि उनके नेतृत्व वाली शिवसेना, अजित पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी और भाजपा का सत्तारूढ़ गठबंधन राज्य की 48 लोकसभा सीटों में से कम से कम 45 सीटें जीतेगा। शिंदे ने इसी के साथ ये भी कहा कि महाराष्ट्र की सरकार चला रहा महागठबंधन लोकसभा और विधानसभा चुनाव साथ में लड़ेगा और लोकसभा चुनाव में 45 से अधिक सीटों पर जीत हासिल करेगा। मुख्यमंत्री ने एक अन्य सवाल के जवाब में कहा कि इस सप्ताह की शुरूआत में बेमौसम बारिश के कारण फसल बर्बाद करने वाले किसानों को पंचनामा या स्पॉट निरीक्षण रिपोर्ट तैयार होने के बाद मुआवजा दिया जाएगा। इस बीच शिंदे के नेतृत्व वाले शिवसेना गुट से हिंगोली के सांसद हेमंत पाटिल ने कहा कि सभी 13 सेना सांसद जो मुख्यमंत्री का समर्थन करते हैं, वो 2024 में फिर से लोकसभा का टिकट पाएंगे।

## 4 दिसंबर को महाराष्ट्र जाएंगे पीएम मोदी

### शिवाजी की प्रतिमा का करेंगे अनावरण, नौसेना दिवस समारोह में भी होंगे शामिल...



**मुंबई :** पीएम मोदी 4 दिसंबर को महाराष्ट्र के दौरे पर जाएंगे. इस दौरान प्रधानमंत्री सिंधुदुर्ग के राजकोट किले में शिवाजी की प्रतिमा का अनावरण करेंगे. अपने इस दौरे पर पीएम सिंधुदुर्ग, महाराष्ट्र में नौसेना दिवस 2023 समारोह के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लेंगे. प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी 4 दिसंबर, 2023 को महाराष्ट्र का दौरा करेंगे. आधिकारिक बयान के अनुसार, लगभग 4:15 बजे प्रधान मंत्री महाराष्ट्र के सिंधुदुर्ग पहुंचेंगे और राजकोट किले में छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा का अनावरण करेंगे. उसके बाद, प्रधान मंत्री सिंधुदुर्ग में 'नौसेना दिवस 2023' समारोह के कार्यक्रम में भाग लेंगे. प्रधानमंत्री तारकरली समुद्र तट, सिंधुदुर्ग से भारतीय नौसेना के जहाजों, पनडुब्बियों, विमानों और विशेष बलों के 'ऑपरेशनल प्रदर्शन' को भी देखेंगे. हर साल 4 दिसंबर को नौसेना दिवस मनाया जाता है. सिंधुदुर्ग में 'नौसेना दिवस 2023' समारोह छत्रपति शिवाजी महाराज की समृद्ध समुद्री विरासत को श्रद्धांजलि देता है.

जिसे पिछले साल अपनाया गया था जब प्रधानमंत्री ने पहले स्वदेशी विमान वाहक आईएनएस विक्रांत को शुरू किया था. हर साल नौसेना दिवस के अवसर पर भारतीय नौसेना के जहाजों, पनडुब्बियों, विमानों और विशेष बलों द्वारा 'ऑपरेशनल प्रदर्शन' आयोजित करने की परंपरा है. ये 'ऑपरेशनल प्रदर्शन' लोगों को भारतीय नौसेना द्वारा किए गए मल्टी-डोमेन ऑपरेशन के विभिन्न पहलुओं को देखने का अवसर प्रदान करते हैं. यह जनता के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति नौसेना के योगदान पर प्रकाश डालता है, साथ ही नागरिकों के बीच समुद्री चेतना की भी शुरूआत करता है.

## ठाणे के कल्याण में एक व्यक्ति ने की पत्नी और 7 साल के बेटे की निर्मम हत्या, फरार




**ठाणे :** महाराष्ट्र के ठाणे जिले के कल्याण में एक व्यक्ति ने शुक्रवार को अपनी पत्नी और 7 वर्षीय बेटे की कथित तौर पर हत्या कर दी और मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। एक पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस उपायुक्त सचिन गुंजल ने कहा कि आरोपी की पहचान रामबाग निवासी दीपक गायकवाड के रूप में हुई है। उन्होंने कहा, यह हत्या किस मकसद से हुई इसका पता नहीं चला है। हमने आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। मृतकों में उनकी पत्नी अश्विनी (27) और बेटा आदित्यराज हैं। पुलिस निरीक्षक प्रदीप पाटिल ने कहा कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, यह हत्या किसी घरेलू विवाद या आरोपी को शेयर बाजार में हुए कथित नुकसान का नतीजा हो सकती है।

## एसटी बस के कंडक्टर के खिलाफ यौन उत्पीड़न का मामला दर्ज...



**नवी मुंबई :** एसटी बस के कंडक्टर पर एक यात्री के साथ कथित तौर पर यौन उत्पीड़न करने का मामला दर्ज किए जाने की जानकारी शनिवार को दी है नवी मुंबई पुलिस ने 17 वर्षीय छात्रा की शिकायत के आधार पर संतोष वाडेकर (48) के खिलाफ भारतीय दंड संहिता और यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पोक्सो) अधिनियम के प्रासंगिक प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि 26 और 27 नवंबर की दरमियानी रात को दापोली से मुंबई के लिए बस में यात्रा के दौरान जब वह सो रही थी तब आरोपी ने उसे गलत तरीके से छुआ।

## ऑटो रिक्शा में प्रवासी बनकर लूटपाट करने वाले दो बदमाश गिरफ्तार



**भिवंडी :** भिवंडी शहर और क्षेत्र में रिक्शा यात्री के रूप में बैठकर प्रवासी यात्रियों को लूटने वाले दो बदमाशों को कोनगांव पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। वही पर इन बदमाशों से पुलिस ने 7 लाख 63 हजार 400 रुपए कीमत के एक चोरी की कार, दो ऑटो रिक्शा और सात मोबाइल फोन बरामद किया है। इसके आलावा गिरफ्तार बदमाशों ने पांच ऐसे और अपराध करने की बात कबूल की है। भिवंडी (पूर्व विभाग) के सहायक पुलिस आयुक्त किशोर खैरनार ने कोनगांव पुलिस थाना में पत्रकार परिषद आयोजित कर इस प्रकार की जानकारी दी है। 26 नवंबर रात 10 बजे के दरमियान ओवली गांव से राजनोली के लिए ऑटो रिक्शा में बैठ कर जा रहे सिंटू मौर्य के साथ लूटपाट की घटना हुई थी उन्होंने कोनगांव पुलिस थाना में शिकायत दर्ज कराया था कि राजनोली नाका के पहले ऑटो रिक्शा ड्राइवर ने सुनसान जगह पर अपनी रिक्शा रोक दी और रिक्शा में पहले से प्रवासी के भेष में बैठे दो लोगों ने चाकू दिखाकर मोबाइल फोन न नकदी लूट लिया। कोनगांव पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ लूटपाट का मामला दर्ज कर लिया था। वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक राजेन्द्र पवार व पुलिस निरीक्षक दीप बने के मार्गदर्शन में सहायक पुलिस निरीक्षक वैभव चुंबले, पुलिस कांस्टेबल मधुकर घोडसरे, जगदीश पाटिल, पुलिस नाईक नरेंद्र पाटिल, पुलिस कांस्टेबल राहुल वाकर्स, हेमराज पाटिल, कुशल जाधव, हेमंत खडसरे, अच्युत गायकवाड़, रमाकांत सालुंखे की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर कल्याण के नेतीवली चक्की नाका से शेखर गोवर्धन पवार (26) और उल्हासनगर नंबर 4 के मनीष भोलानाथ गुप्ता ( 27 ) को हिरासत में लिया और दोनों से गहन पूछताछ की गई। तब दोनों ने बताया कि इसके आलावा भिवंडी तालुका, रायगढ़ के दादर सागरी पुलिस स्टेशन, वाशिंद उप-शाहपुर पुलिस स्टेशन और रबाले पुलिस स्टेशन सीमा अंर्तगत इस प्रकार की लूटपाट की घटनाओं को अंजाम देने के साथ साथ एक कार और एक रिक्शा भी चोरी की है।

## राडो और ओमेगा जैसे बड़े ब्रांड्स के नाम पर गोरखधंधा...

## 1500 से ज्यादा नकली घड़ियां जब्त।

### करोड़ों में है कीमत...



**मुंबई:** देश में महंगी घड़ियों के ब्रांड्स के नाम पर बड़ा खेल खेला जा रहा है। मुंबई क्राइम ब्रांच ने इस मामले में बड़ी कार्रवाई की है और दक्षिण मुंबई के मुसाफिरखाना,फातिमा मंजिल बिल्डिंग में स्थित ए.टी मार्केट की कुछ दुकानों से राडो, टिसोट, ओमेगा, ऑडेमर्स पिगुएट, 'ूग बॉस जैसे प्रसिद्ध ब्रांडों की 1537 नकली घड़ियों को जब्त किया है। इन नकली घड़ियों की कीमत बाजार में 6 करोड़ से ज्यादा की बताई जा रही है। पुलिस के बताया कि यह घड़ियां नकली हैं और असली ब्रांड की बताकर बेची जा रही थीं। इन जब्त की गई घड़ियों की कीमत बाजार में करीब 6 करोड़ से ज्यादा की बताई गई है। इस मामले में क्राइम ब्रांच ने 4 लोगों को गिरफ्तार भी किया है। एक अधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों के नाम घेवाराम अन्नाराम चौधरी, भावेशकुमार औखाजी प्रजापति, गणेश नारायण भारती, और मोहम्मद शोएब अब्दुल गनी कुरेशी है। मुंबई क्राइम ब्रांच ने कुल 9 दुकानों पर छापेमारी की और मौके से कई नामी ब्रांड की नकली घड़ियां जब्त की गईं।




## संपादकीय / लेख



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

### चौंकाऊ एग्जिट पोल

पांच राज्यों-मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, तेलंगाना और मिजोरम-में विधानसभा चुनावों की प्रक्रिया सम्पन्न हो चुकी है। अब 3 दिसंबर को जनादेश सार्वजनिक किए जाएंगे, लेकिन मतदान के बाद एग्जिट पोल के अनुमान चौंका देने वाले हैं। हालांकि विभिन्न अनुमानों में विरोधाभास हैं। निष्कर्ष भी विभाजित हैं, लेकिन एक चुनावी रुझान स्पष्ट हो रहा है। प्रधानमंत्री मोदी के संबोधनों का असर कहीं 20 फीसदी के करीब है, तो किसी राज्य में 5 फीसदी का अनुमान लगाया गया है। प्रधानमंत्री के चेहरे और संबोधन से भाजपा को अब भी वोट मिल रहे हैं, यह निश्चित लगता है। एग्जिट पोल की परंपरा भारत में नहीं थी। यह चुनावी मूल्यांकन की पश्चिमी पद्धति है, लेकिन वहां काफी सटीक साबित होती रही है। हमारे देश में भी कुछ चुनावी अनुमान 65 फीसदी से 95 फीसदी तक सही रहे हैं, लिहाजा एग्जिट पोल को नकारा नहीं जा सकता। बहरहाल सबसे चौंकाऊ अनुमान तेलंगाना के हैं, जहां बीते 10 साल से सत्तारूढ़ रहे चंद्रशेखर राव और उनकी पार्टी बीआरएस की विदाई का वक्त आ गया लगता है। एग्जिट पोल में वे पिछड़ते लग रहे हैं और कांग्रेस की बहुमत वाली सरकार बनने की संभावनाएं सर्वाधिक हैं। यदि ऐसा होता है, तो कांग्रेस के पुनरोत्थान का अध्याय शुरू हो सकता है। तेलंगाना का 'सहोदर राज्य' आंध्रप्रदेश है, जहां आज भी कांग्रेस का काडर शेष है। पड़ोसी राज्य कर्नाटक में कांग्रेस सत्तारूढ़ है और तमिलनाडु में सरकार का एक घटक है। केरल में प्रमुख विपक्षी दल है, जिसके लोकसभा सांसद सर्वाधिक हैं। यदि कांग्रेस नेतृत्व ने गंभीर प्रयास किए, तो पार्टी दक्षिण भारत से 'चुनावी ताकत' बनकर उभर सकती है। यह भाजपा के लिए प्रत्यक्ष चुनौती है।

बहरहाल दूसरा चौंका देने वाला अनुमान राजस्थान के संदर्भ में सामने आया है। हालांकि एग्जिट पोल के आंकड़े विभाजित और विभिन्न हैं, लेकिन अनुमान ऐसे हैं कि उस राज्य में कांग्रेस 'सत्ता का रिवाज' बदलती लग रही है। कांग्रेस की गारंटियां कारगर और सार्थक होती लग रही हैं। कुछ पोल भाजपा के बहुमत के प्रति आश्वस्त लग रहे हैं, लेकिन कुल मिला कर कांग्रेस और भाजपा के बीच बेहद कड़ी टक्कर लगती है, लेकिन ज्यादा फायदा कांग्रेस के पक्ष में झुक रहा है। यदि कांग्रेस को ही जनादेश मिलता है, तो बीते 30 सालों का रिवाज बदल जाएगा। राजस्थान में 1993 से हर पांच साल के बाद सत्ता बदलती रही है। प्रधानमंत्री मोदी ने राजस्थान में 15-16 जनसभाओं को संबोधित किया था और राजधानी जयपुर में बड़ा लंबा और जनसमर्थन वाला रोड शो भी किया था, लिहाजा रिवाज बदलता है, तो यह लोकसभा चुनाव के लिए भी सुखद संकेत नहीं है। 2019 के आम चुनाव में राज्य की सभी 25 संसदीय सीटों पर भाजपा उम्मीदवार जीते थे। कमोबेश अब कांग्रेस उस 'शून्य' वाली स्थिति से उबरती लगती है। बहरहाल तीसरा आश्चर्य मध्यप्रदेश के संदर्भ में सामने आया है। वहां के अनुमान हैं कि करीब 18 साल की सत्ता के बावजूद भाजपा दो-तिहाई बहुमत के साथ सत्ता बरकरार रख सकती है। यह भाजपा की 2003 के बाद 5वीं सरकार होगी। बीच में कांग्रेस की कमलनाथ सरकार 15 माह के लिए बनी थी। अलबत्ता भाजपा की ही निरंतर सत्ता रही है, राजस्थान और मप्र में मुख्यमंत्री वही राजनेता रहेंगे अथवा चेहरे बदले जाएंगे, एग्जिट पोल में इनका उल्लेख नहीं है। अब तीन दिसंबर की प्रतीक्षा है।


+91 99877 75650

editor@rokthoklekhaninews.com

Faisal Shaikh @faisalshaikh_91


## रायगढ़ में एक स्पीडबोट में लगी आग, कई फीट ऊपर उठी लपटें

**रायगढ़ :** महाराष्ट्र के रायगढ़ के मांडवा में एक स्पीडबोट में आग लगने की खबर सामने आ रही है. दूर से ही आग की लपटें उठती हुई नजर आ रही है. आसपास कई स्पीडबोट भी नजर आ रहे हैं. मिली जानकारी के मुताबिक, अलीबाग के मांडवा बंदरगाह पर बेल्वेडियर नाम की एक निजी स्पीड बोट में अचानक आग लग गई. घटना शनिवार दोपहर करीब एक बजे की है. शनिवार दोपहर मुंबई में अलीबाग के पास मड़वा में एक लक्जरी नाव, जिसे शुरू में नौका माना जा रहा था, में आग लग गई. समुद्र में आग होने के कारण काफी देर तक आग नहीं बुझाई जा सकी. जलती हुई नाव से निकलने वाले धुएं के बादल को दूर से ही देखा जा सकता था. इसका एक वीडियो भी सामने आया है.



सामने आये वीडियो में देखा जा सकता है कि आग कितनी भयंकर है. आग की लपटें दूर-दूर तक उठ रही है. HT के अनुसार, महाराष्ट्र मैरीटाइम बोर्ड के मांडवा बंदरगाह निरीक्षक आशीष मानकर ने कहा कि जब आग लगी तो जहाज पर दो लोग सवार थे और वे झुलस गए. फायर ब्रिगेड को बुलाया गया लेकिन चूंकि ये सब समुद्र के बीच में हो रहा था इसलिए ज्यादा मदद नहीं मिल पाई. नाव में काफी ईंधन था और वह काफी देर तक जलती रही. हालांकि इस मामले में अभी तक ज्यादा जानकारी सामने नहीं आई है. अब इस स्पीडबोट में आग कैसे लगी ये पता नहीं चल पाया है. इस बारे में रायगढ़ के एसपी सोमनाथ घरगे का भी बयान सामने आया है. उन्होंने कहा कि, आग लगने का कारण पता नहीं चला है.

## मेट्रो 3 आरे कार शेड अंतिम चरण मे पहुंचा... कार शेड का काम तेजी से शुरू है

**मुंबई (फिरोज सिद्दीकी)** एम आर सी एल प्रमुख अश्विनी भिड़े के मार्गदर्शन मे शुरू उत्तर मध्य मुंबई गोरेगावों आरे मेट्रो कार शेड का काम अब अपने अंतिम चरण मे चल रहा है ।आज आरे कार शेड का औचक निरक्षण करने पहुंची



अश्विनी भिड़े अपने सह कर्मियों समेत कार शेड मे बांध काम म कार्य जहाँ पुरा हो चुका है ।वहीं ट्रैक बिछाने से लेकर ओ सी एस, एस टी पी टी का कार्य अपने अंतिम चरण मे है ।उपरोक्त अवसर पर अश्विनी भिड़े एम.डी , एम एम.आर.सी.एल ,सुबोध गुप्ता डाइरेक्टर प्रकल्प, राजीव डाइरेक्टर सिस्टम ने बांध कार्यो का निरक्षण किया !

## फसल बीमा योजना के माध्यम से सरकार ने करीब आठ करोड़ रुपयों का घोटाला किया - उद्धव ठाकरे



**मुंबई :** फसल बीमा योजना के माध्यम से सरकार ने करीब आठ करोड़ रुपयों का घोटाला किया है। इस तरह का सनसनीखेज दावा शिवसेनापक्षप्रमुख उद्धव ठाकरे ने कल किया। सरकार ने फसल बीमा के लिए आठ हजार करोड़ रुपए बीमा कंपनियों के मत्थे मढ़ दिया है और उसके बाद भी किसानों के नुकसान के मुआवजे की भरपाई नहीं मिल रही है। फिर यह पैसा किसकी जेब में गया, ऐसा नाराजगी भरा सवाल भी उद्धव ठाकरे ने किया। दूसरों के घरों के बर्तन साफ करने के लिए जानेवाले लोग राज्य का कामकाज संभालने में नालायक हैं, ऐसा मैंने कहा था। वह शब्द उन्हें चुभ गया। फिर मैं पूछता हूं किसानों पर अंग बेचने की नौबत लानेवाली सरकार का गुणगान किन शब्दों में करूं, ऐसा जबरदस्त तंज भी उद्धव ठाकरे ने कसा है।

फसली कर्ज लौटाने के लिए पैसे न होने के कारण आत्महत्या करने की बजाय खुद के अंगों को बेचने का फैसला हिंगोली और वासिम जिले के किसानों ने लिया। उन्होंने मांग की कि सरकार उनके अंगों को बेचकर उनका कर्ज चुकाए। ये किसान कल मुंबई में आए हुए थे। उसी समय पुलिस ने उन्हें जबरन गिरफ्तार करके पुलिस थाने में बंद कर दिया। शिवसेना ने किसानों की मदद की और उन्हें छुड़ाया। इसके बाद किसानों ने कल 'मातोश्री' निवास स्थान पर जाकर उद्धव ठाकरे से मुलाकात की। उद्धव ठाकरे ने अपनेपन से उनकी व्यथा और वेदना सुनी और समझी। साथ ही शिवसेना आपके पीछे सदैव खड़ी है, ऐसा विश्वास जताया।

## शेयर बाजार में कमाता है डबल पैसा, भतीजे ने चारा दिखाकर बनाया 'मामा'

### 70 लाख लेकर गोवा में की मौज

**बीड :** बहुत से लोगों में बिना अधिक प्रयास के शीघ्र धन प्राप्त करने की गुप्त इच्छा होती है।एक ही प्रलोभन में फंसकर कई लोग अलग-अलग तरीकों से पैसा कमाने की कोशिश करते हैं।लेकिन कई बार इसमें धोखाधड़ी भी हो सकती है. साइबर फ्रॉड कई प्रकार के होते हैं. फिर अज्ञात भूत-प्रेत लोगों को धोखा देते हैं। लेकिन बीड में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है. वहां एक भांजे ने अपने मामा से लाखों रुपये की ठगी कर ली. इससे हड़कंप मच गया है. शेयर बाजार में पैसा दोगुना करने का लालच देकर भतीजे ने अपने चाचा से सत्तर लाख रुपये ऐंठ लिए। ऐसा ही एक मामला बीड में सामने आया है. चाचा को धोखा देकर भतीजे ने उन्हीं पैसों से गोवा में मौज-मस्ती की। इस मामले में शिकायत दर्ज होने के बाद बीड साइबर पुलिस ने मामला दर्ज किया. इस मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार भी किया गया है. सैयद तल्हा सैयद जमाल, यश गायकवाड़ समेत एक अन्य आरोपी



को पुलिस ने हथकड़ी लगा दी. पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, बीड के कारोबारी शेख इसहाक शेख महमूद का टूर एंड ट्रैवल्स का कारोबार है। तल्हा सैयद उनके रिश्तेदार हैं. अमीश तल्हा सैयद ने दिखाया कि आप शेयर बाजार में पैसा लगाएं, मैं आपको उस रकम को दोगुना करके दिखाऊंगा। शेख इसहाक शेख महमूद ने दोगुने पैसे का लालच देकर तल्हा सैयद पर भरोसा किया। और जुलाई 2022 में 15 लाख का भुगतान ऑनलाइन किया गया. इतना ही नहीं उन्होंने दूसरों से 55 लाख रुपये नकद भी दिए. लेकिन आरोपियों ने उसी पैसे का दुरुपयोग किया. वहीं पुलिस जांच में पता चला कि उन्हीं पैसों से वह अपनी गर्लफ्रेंड के साथ गोवा गया और मौज-मस्ती की.

## 'सरकार सभी मुद्दों पर चर्चा के लिए तैयार', प्र''ाद जोशी बोले- सर्वदलीय बैठक में मिले कई सुझाव



**नई दिल्ली :** संसद के शीतकालीन सत्र से पहले सर्वदलीय बैठक में सत्र के एजेंडे पर चर्चा हुई। संसदीय कार्य मंत्री प्र''ाद जोशी ने यह बैठक बुलाई। इस बैठक में बैठक में 23 पार्टियों के 30 नेता शामिल हुए, जिन्होंने कई सुझाव दिए। उन्होंने कहा कि विपक्ष के सुझावों को सकारात्मक रूप से लिया गया है। सर्वदलीय बैठक संपन्न होने के बाद संसदीय कार्य मंत्री का बयान सामने आया। समाचार एजेंसी एएनआई के मुताबिक, संसदीय कार्य मंत्री ने कहा कि चार दिसंबर से शीतकालीन सत्र शुरू हो रहा है और यह 22 दिसंबर तक चलेगा। 19 दिन तक चलने वाले सत्र में 15 बैठकें होंगी। हमने आज सर्वदलीय बैठक रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में बुलाई थी।



### मंत्री मंगलप्रभात लोधे की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में

# भिड़े बीजेपी और कांग्रेस नेता, तीखी जुबानी झड़प...



**मुंबई:** जानकारी सामने आ रही है कि मुंबई में बीजेपी और कांग्रेस के पूर्व नगरसेवकों के बीच कहा-सुनी हो गई है. मंत्री मंगलप्रभात लोधे की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गयी. कांग्रेस के पूर्व पार्षदों का आरोप है कि इस बैठक में उन्हें बोलने या अपना पक्ष रखने की इजाजत नहीं दी गई. लिहाजा, कांग्रेस और बीजेपी के बीच जुबानी जंग शुरू हो गई. यह बहस चरम पर पहुंच गई. इसके बाद पूर्व कांग्रेस पार्षद बैठक से बाहर चले गये. इस बैठक से बाहर आकर कांग्रेस के पूर्व पार्षदों ने जोरदार हमला बोला.

बैठक मंत्री मंगलप्रभात लोढ़ा की अध्यक्षता में बुलाई गई थी. यह बैठक मुंबई बीएमसी में ओपन स्पेस पॉलिसी पर चर्चा के लिए बुलाई गई थी. इस बैठक में मुंबई नगर निगम आयुक्त इकबाल सिंह चहल अनुपस्थित थे. कांग्रेस के एक पूर्व पार्षद ने बाहर आकर आरोप लगाया कि हमें इस बैठक में बोलने नहीं दिया गया. इस बार बीजेपी और कांग्रेस नेताओं के बीच नोकझोंक हो गई.

बैठक से निकलने के बाद पूर्व कांग्रेस पार्षद ने अच्छा हमला बोला. चर्चा में अपनी बात रखने का समय नहीं दिया गया. हमारी बातें नहीं सुनी गईं. कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि हमें बोलने नहीं दिया गया. इस दौरान आरोप लगाया गया कि बीजेपी के नागसेवकों को पक्षपातपूर्ण रवैया अपनाया जा रहा है. यह भी आरोप लगाया गया कि इस बैठक के संबंध में पूर्व कांग्रेस पार्षदों को कोई जानकारी नहीं दी गई. नीति बनाने के लिए मंत्री कैसे मिल सकते हैं? क्या एक पार्टी का विधायक बनायेगा नगर निगम नीति? कांग्रेस नेताओं ने पूछा ये सवाल.

# भतीजी से रेप करने वाले चाचा को कोर्ट ने सुनाई उम्रकैद की सजा

## कहा- 'दोषी नरमी का हकदार नहीं'

**मुंबई :** एक विशेष पॉक्सो अदालत ने 50 वर्षीय एक व्यक्ति को अपनी भतीजी का यौन उत्पीड़न करने और उसे गर्भवती करने के जुर्म में आजीवन कारावास की सजा सुनाई है. अदालत ने कहा कि आदमी का कृत्य इतना गंभीर है कि इसके लिए अधिकतम सजा की आवश्यकता है और वह किसी भी तरह की नरमी का हकदार नहीं है. अदालत ने अपने आदेश में कहा, "आरोपी पीड़िता का रिश्तेदार है जिसने पीड़िता के साथ यौन संबंध बनाए और बार-बार ऐसा किया. उसके साथ बलात्कार किया. इसके अलावा, उसने अभियोक्ता को गर्भवती कर दिया. पीड़िता का गर्भपात हो चुका है और वर्तमान में उसे सीडब्ल्यूसी (बाल कल्याण समिति) के आश्रय गृह में रहना पड़ रहा है." विशेष न्यायाधीश टीएस भोगटे ने 24 नवंबर को उस व्यक्ति को बलात्कार का दोषी ठहराया.

आदमी के खिलाफ मामला जुलाई 2017 में यहां दर्ज किया गया था.



अभियोजन पक्ष के अनुसार, पीड़िता उत्तर प्रदेश की मूल निवासी है जहां उसने कक्षा 6 तक पढ़ाई की थी. वह आगे की पढ़ाई के लिए 2012 में मुंबई चली गई. पीड़िता ने अदालत को बताया कि जब भी घर में कोई अन्य व्यक्ति नहीं होता था तो उसके चाचा ने उसे गलत तरीके से छूकर दो साल तक उसका यौन उत्पीड़न किया. उसने दावा किया कि मार्च 2017 में होली के बाद, उसके चाचा ने उसका यौन उत्पीड़न किया और उसे धमकी दी. इसे किसी को न बताएं. उस व्यक्ति ने आरोपों से इनकार किया और कहा कि उस समय उसकी भतीजी नाबालिग नहीं थी. उन्होंने कहा कि उनके बीच सहमति से संबंध थे.

**कोर्ट ने कही ये बात**

उनके बचाव को खारिज करते हुए अदालत ने कहा, "अभियोक्ता के साथ अभियुक्त का संबंध निषिद्ध संबंध की डिग्री के भीतर है. इन परिस्थितियों में, यह असंभव है कि अभियोक्ता (उत्तरजीवी) जो आरोपी की भतीजी है, आरोपी के साथ यौन संबंध के लिए सहमति देने वाली पार्टी है. अदालत ने मेडिकल सबूतों पर भरोसा किया, जिसमें कहा गया था कि लड़की की उम्र 19 से 20 साल के बीच थी. इसके अलावा, अदालत ने कहा कि यह दिखाने के लिए कोई सबूत नहीं है कि घटना के समय लड़की नाबालिग थी. अदालत ने व्यक्ति को दोषी ठहराया. अदालत ने कहा कि अभियोजन पक्ष ने स्थापित किया है कि उसने उसके साथ "जबरन यौन संबंध बनाए", "बार-बार बलात्कार किया" और पीड़िता को हमलों के बारे में किसी को न बताने की "धमकी" दी.

# रिश्वत लेते पकड़ा गया लिपिक



**नालासोपारा :** रिश्वतखोरी के मामले में ठाणे एंटी करप्शन ब्यूरो ने बुधवार को वसई विरार शहर महानगरपालिका प्रभाग 'ई' में एक 34 वर्षीय लिपिक ( मील संजीव किणी) को 20 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथ धर दबोचा। लिपिक के खिलाफ नालासोपारा पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू है। बताया गया है। कि शिकायतकर्ता ने अपनी दुकान का मालिकाना हक पाने के लिए 'ई' वार्ड कमेटी में आवेदन किया था। मकान मालिकाना हक अपने नाम ( घरपट्टी) करने के लिए लोक सेवक (लिपिक) हमील किनी ने शिकायतकर्ता से 25 हजार रुपए रिश्वत की मांग की। समझौते के अंत में 20,000 रुपए की रिश्वत की मांग की गई। सत्यापन के बाद बुधवार को ठाणे एसीबी की टीम ने ट्रैप की कार्रवाई के दौरान उपरोक्त लिपिक को उक्त राशि के साथ रंगे हाथ पकड लिया।

# व्यस्त इलाके में महिलाओं के आभूषण चुराने वाले चोर गिरफ्तार... लाखों का सामान बरामद

**ठाणेः** पिछले कुछ दिनों में मुंबई में अपराध की घटनाएं बढ़ी हैं. लोकल यात्रा के दौरान भी कई अपराध होते हैं. जेबकतरी, चोरी, पॉकेटमार बड़े पैमाने पर हैं। महिलाओं के डिब्बे में चेन स्नैचिंग और चोरी के अपराध भी हो रहे हैं. कुछ दिन पहले कलवा और बांद्रा रेलवे स्टेशन इलाके में एक घटना हुई थी जहां ट्रेन से यात्रा कर रही दो महिलाओं के गले से सोने की चेन खींचकर लुटेरों ने लूटपाट की थी. आखिरकार पुलिस ने चोरों को पकड़ कर गिरफ्तार कर लिया.

कल्याण से कलवा और भयंदर से चर्चगेट के बीच लगातार हो रही घटनाओं के कारण लोहमार्ग मुंबई क्राइम ब्रांच के अधिकारियों ने एक विशेष टीम का गठन किया था। इस टीम की ठाणे यूनिट नं. 02, क्राइम ब्रांच, लोहमार्ग मुंबई पुलिस की टीम ने महज कुछ ही घंटों में चलती लोकल से कूदकर भाग रहे सराय चोरों को जंजीरों से बांध दिया। साथ ही दो वारदातों का खुलासा हुआ और लाखों का माल बरामद हुआ। आरोपियों के नाम रोहित विजय बहादुर यादव, राम जग उर्फ जग्गू यादव और विवेक यादव हैं और इनके पास से पुलिस ने 1 लाख 20 हजार रुपये बरामद किये हैं. पुलिस यह भी जांच कर रही है कि उसने और कितनी जगहों पर ऐसी चोरी की है.



कलवा और बांद्रा रेलवे स्टेशन क्षेत्र में ट्रेन से यात्रा कर रही दो महिलाओं के गले से जबरन सोने की चेन खींच ली गई। इसके बाद चोर चलती लोकल से कूदकर भाग गए। इस मामले में ठाणे और बांद्रा लोहमार्ग पुलिस स्टेशन में केस दर्ज किया गया था. महिलाओं के खिलाफ अपराधों की गंभीरता से लेते हुए डॉ. श्री। लोहमार्ग मुंबई के पुलिस आयुक्त रवींद्र शिस्वे ने क्राइम ब्रांच लोहमार्ग मुंबई को आदेश दिया था।

तदनुसार, अपराध शाखा की ठाणे इकाई, लोहमार्ग मुंबई नं. 02 टीम उक्त अपराध की समानांतर जांच कर रही थी। इस जांच के दौरान, जांच टीम ने कलवा से दादर रेलवे स्टेशन और बांद्रा रेलवे स्टेशन तक के सीसीटीवी फुटेज की सावधानीपूर्वक जांच की और यह बताया गया कि दोनों अपराध एक ही आरोपी द्वारा किए गए थे। आखिरकार जांच टीम के अधिकारियों को शक हुआ कि आरोपी किसी विदेशी राज्य का हो सकता है। इसके बाद जांच टीम ने डंप डेटा लेकर और तकनीकी विश्लेषण करते हुए कलवा रेलवे स्टेशन पर घटनास्थल की जांच की. फिर एक आरोपी अमन विनोद खरवार, (उम्र 19 वर्ष, निवासी वाराणसी, उत्तर प्रदेश) को नवी मुंबई से गिरफ्तार किया गया. पूछताछ में उसने अपने दो अन्य साथियों के नाम बताए।

# खाने में चिकन नहीं देने पर सीधे लड़की के सिर पर ईंट मार दी गई

**पुणेः** पुणे की असली पहचान एक सुशिक्षित, सांस्कृतिक, विद्या में निपुण शहर के रूप में है। पुणे और पुणे के लोगों की कहानियां पूरी दुनिया में मशहूर हैं। लेकिन फिलहाल ये शहर इन चीजों के लिए नहीं बल्कि बढ़ती अपराध की घटनाओं के कारण चर्चा में आ गया है. पुणे में घरेलू हिंसा की घटनाएं भी दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही हैं। अब पुणे के पाषाण इलाके से एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है.

एक इस्मा ने एक भयानक काम किया क्योंकि वह गुस्से में था कि उसे खाने में चिकन नहीं मिला। गुस्से में आकर उसने अपने ही पेट पर हमला कर दिया. उसने सीधे छोटी बच्ची के सिर पर ईंट से वार किया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई. ये भयानक हादसा पुणे के पाषाण के वाकेश्वर में हुआ है. इस मामले में चतुःश्रृंगी थाने में आरोपी पिता के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है. हमले में गंभीर रूप से घायल लड़की का अस्पताल में इलाज चल रहा है. लेकिन उस भयानक हादसे की वजह से वह अब भी सदमे में हैं.

आरोपी का नाम विकास नागनाथ राठौड़ है और वह अपनी पत्नी और बेटी के साथ वाकेश्वर रोड पर रहता है। पुलिस के मुताबिक, आरोपी विकास राठौड़ ने सोमवार रात अपनी पत्नी से खाना मांगा. उसकी पत्नी ने उसे खाना खिलाकर पाला। लेकिन विकास इस बात से काफी नाराज थे कि खाने में चिकन नहीं था. उसी गुस्से में उसने वहां पड़ी एक ईंट उठाई और बिना कुछ सोचे समझे अपनी छोटी बेटी के सिर पर दे मारी. इसमें बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गयी. इस मामले में आरोपी विकास के ससुर रघुनाथ लालू पवार (निवासी पाषाण) ने चतुःश्रृंगी थाने में आरोपी के खिलाफ शिकायत दर्ज करायी. इसके बाद पुलिस ने उसके खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है. आगे की जांच चल रही है. पुणे में घरेलू हिंसा की घटनाएं दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही हैं और इस घटना ने काफी उत्तेजना पैदा कर दी है।




# महाराष्ट्र राज्य आंगनवाड़ी कर्मचारी संघ का अनिश्चितकालीन हड़ताल!

**ठाणे :** महाराष्ट्र राज्य आंगनवाड़ी कर्मचारी संघ ने पारिश्रमिक में वृद्धि, मासिक पेंशन का भुगतान, नए मोबाइल फोन, पोषण आहार की मात्रा में वृद्धि की मांगों को लेकर ४ दिसंबर से महाराष्ट्र व्यापी अनिश्चितकालीन हड़ताल का आ''न किया है। सैकड़ों की संख्या में आंगनवाड़ी कर्मचारी ठाणे जिला अधिकारी के कार्यालय के बाहर एकत्र हुईं और उन्होंने जिला अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। संघ का कहना है कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले के मुताबिक, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता ग्रेच्युटी की हकदार हैं। लेकिन दो साल बाद भी केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले को लागू नहीं किया है। राज्य सरकार इन आंगनवाड़ी कर्मचारियों को हर महीने आधा वेतन पेंशन के रूप में देने पर सहमत हो गई है। यह निर्णय अभी तक लागू नहीं किया गया है। साथ ही बॉम्बे हाई कोर्ट ने ४ महीने पहले आंगनवाड़ी केंद्रों में बच्चों को पूरक पोषण के लिए दी जाने वाली राशि बढ़ाने और आंगनवाड़ी कर्मचारियों को मोबाइल फोन देने का आदेश दिया था।





# मेक्सिको की महिला डीजे से मुंबई के शख्स ने किया कई बार रेप...



**मुंबई :** मुंबई में मेक्सिको की महिला से बलात्कार का मामला सामने आया है. मुंबई पुलिस ने मेक्सिको की 31 वर्षीय एक महिला डिस्क जॉकी (डीजे) से बार-बार दुष्कर्म करने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है. बांद्रा थाने के एक अधिकारी ने बताया कि पिछले सप्ताह पीड़िता द्वारा आरोपी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराए जाने के बाद 35 वर्षीय आरोपी को शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया गया. बताया जा रहा है कि बलात्कार का आरोपी शख्स भी डीजे के रूप में काम करता है. शिकायत के मुताबिक, आरोपी ने 2019 से कई बार महिला से दुष्कर्म किया. अधिकारी ने बताया कि महिला फिलहाल मुंबई में रहती है और आरोपी उसका मैनेजर है. पुलिस अधिकारी ने दर्ज मामले के आधार पर कहा, ''महिला ने अपनी शिकायत में कहा कि वह 2017 में सोशल मीडिया के माध्यम से आरोपी से मिली थी. उसने (आरोपी) जुलाई 2019 में बांद्रा में अपने घर में उसका यौन उत्पीड़न किया. इस घटना के बाद आरोपी ने कई बार उससे दुष्कर्म किया.'' आरोपी विदेशी महिला को कई सालों से प्रताड़ित करता आ रहा है. पुलिस अधिकारी ने बताया, ''महिला को आरोपी धमकाया करता था कि अगर वह राजी नहीं हुई, तो वह उसे काम से बाहर निकाल देगा. वह

## ऑनलाइन हुई थी मुलाकात

महिला को उसकी अंतरंग तस्वीरों के माध्यम से ब्लैकमेल किया करता था. '' अधिकारी ने बताया कि महिला की शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धाराओं 376 (दुष्कर्म), 377 (अप्राकृतिक यौन संबंध), 354 (महिला की इज्जत को भंग करने के इरादे से उस पर हमला या आपराधिक बल प्रयोग) और 506 (आपराधिक मंशा) के तहत मामला दर्ज किया है.

# नाबालिग से दुष्कर्म और आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में व्यक्ति गिरफ्तार...

**ठाणे :** नवी मुंबई पुलिस ने एक नाबालिग लड़की से कथित तौर पर बार-बार दुष्कर्म करने, उसे गर्भवती करने और आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में 23 वर्षीय एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। कोपरखैरणे थाने के एक अधिकारी ने बताया कि लड़की की मां की शिकायत के आधार पर पुलिस ने शुक्रवार को आरोपी को मुंबई के गोवंडी इलाके से गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि आरोपी के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 305 (नाबालिग को आत्महत्या के लिए उकसाने), 376(2)(एन) (बार-बार दुष्कर्म) और यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया है।



अधिकारी ने बताया कि आरोपी ने 17 वर्षीय लड़की से कथित तौर पर दोस्ती की और यह जानते हुए भी कि वह नाबालिग है उसके साथ बार-बार दुष्कर्म किया और उसे गर्भवती किया। उन्होंने बताया कि परेशान होकर लड़की ने 28 नवंबर को अपने घर में फांसी लगा ली। अधिकारी ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# आदित्य-एल1 को लेकर एक और खुशखबरी, यान का पेलोड करने लगा काम...

**मुंबई :** सूर्य मिशन आदित्य-एल1 को लेकर इसरो ने बड़ा अपडेट दिया है। आदित्य-एल1 में लगे सोलर विंड पार्टिकल एक्सपेरिमेंट पेलोड ने अपना काम करना शुरू कर दिया है और सामान्य रूप से काम कर रहा है। आदित्य-एल1 पहला भारतीय अंतरिक्ष-आधारित यान है, जो पहले सूर्य-पृथ्वी लैग्रेंजियन प्वाइंट (एल1) के चारों ओर एक प्रभामंडल कक्षा से सूर्य का अध्ययन करती है।

**इसरो ने दिया अपडेट**

इसरो ने कहा कि आदित्य सोलर विंड पार्टिकल एक्सपेरिमेंट (एएसपीईएक्स) में दो अत्याधुनिक उपकरण 'सोलर विंड आयन स्पेक्ट्रोमीटर और



सुप्राथर्मल एंड एनर्जेटिक पार्टिकल स्पेक्ट्रोमीटर (एसटीईपीएस) शामिल हैं, जो अब काम करने लगे हैं। इसरो के पोलर सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल (पीएसएलवी-सी57) को 2 सितंबर को श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से सफलतापूर्वक लॉन्च किया गया था।

इसरो के अनुसार, उपकरण ने सौर पवन आयनों, मुख्य रूप से प्रोटॉन और अल्फा कणों को सफलतापूर्वक मापा है। एजेंसी ने कहा कि नवंबर 2023 में दो दिनों में एक सेंसर से प्राप्त नमूना ऊर्जा हिस्टोग्राम प्रोटॉन और अल्फा कण (दोगुने आयनित हीलियम, ल्ही2+) की संख्या में भिन्नता को दर्शाया है। अंतरिक्ष एजेंसी ने बताया कि रहक्र की दिशात्मक क्षमताएं सौर पवन प्रोटॉन और अल्फा की सटीक माप को सक्षम बनाती हैं, जो सौर पवन गुणों और उसकी प्रक्रियाओं और पृथ्वी पर उनके प्रभाव के बारे में लंबे समय से चले आ रहे प्रश्नों का समाधान देता है।

# पहले वह कारें चुराता था... फिर बूढ़ी महिलाओं को लूटता था




**ठाणे :** अपराधी...चाहे कोई भी हो. कभी-कभी कोई दुर्दांत चोर या छोटी-मोटी चोरियाँ करने वाला सराय का मालिक पकड़ा जाता है। कहा जाता है कि 'कानून के हाथ डालमा होते हैं', यह सच नहीं है। एक छोटी सी गलती भी किसी अपराधी को फंसाने के लिए काफी होती है. भले ही इन दिनों क्राइम रेट काफी बढ़ गया है, लेकिन पुलिस भी अपराधियों को रोकने के लिए तैयार है. ऐसी ही एक सराय में पुलिस ने एक चोर को जंजीरों से जकड़ रखा है. वह इतना शातिर था कि पुलिस से बचने के लिए एक के ऊपर एक अलग-अलग शर्ट पहनता था और फिर चोरी करने निकल जाता था। काफी दिनों तक फरार रहने के बाद आखिरकार पुलिस ने भी जाल बिछाया और उसे बेड़ियों में जकड़ दिया.

इस ईरानी चोर का नाम मोहम्मद उर्फ सलमान करीब शाह सैयद उर्फ जाफरी है और वह एक सराय अपराधी है. पुलिस ने ठाणे से नासिक तक 80 किलोमीटर के इलाके में 250 से ज्यादा सीसीटीवी चेक किए और अपराधी को शाहपुर से इसी सराय में गिरफ्तार कर लिया. साथ ही उसके छह अपराधों का पदार्फाश करते हुए 5 लाख 70 हजार की संपत्ति भी जब्त कर ली. मिली जानकारी के मुताबिक आरोपी मोहम्मद उर्फ सलमान करीब शाह सैयद उर्फ जाफरी सराय अपराधी है. वह चोरी के लिए एक अनोखा राज लड़ता था। चोरी करने के लिए निकलते समय वह अपने शरीर के ऊपर तीन या चार शर्ट पहनते थे और सिर पर एक स्टाइलिश हेलमेट भी पहनते थे। ताकि चोरी के बाद जब पुलिस उसका पीछा करे तो वह पुलिस से बचने के लिए अपनी शर्ट उतार दे. इसलिए पुलिस के लिए उसे जल्दी ढूंढ पाना मुश्किल था.

# ड्रग आरोपियों की करोड़ों की संपत्ति जब्त

**मुंबई :** क्राइम ब्रांच के अधिकारियों ने बड़ी कार्रवाई की है. नशीली दवाओं के अपराध के सिलसिले में गिरफ्तार आरोपियों के पास से करोड़ों रुपये की संपत्ति जब्त की गई है। क्राइम ब्रांच सेल 6 के एक मामले में आरोपी की संपत्ति जब्त कर ली गई. पुलिस की इस बड़ी कार्रवाई से हड़कंप मच गया है. करीब तीन महीने पहले अगस्त महीने में पुलिस की ओर से चलाए गए दो ऑपरेशन में करोड़ों रुपये की नशीली दवाओं के साथ ग्यारह लोगों को गिरफ्तार किया गया था. इनमें एक महिला भी शामिल थी. यह कार्रवाई डोंगरी, मुलुंड और कुर्ला में की गई. उन्हीं चार आरोपियों की करोड़ों रुपये की संपत्ति अब क्राइम ब्रांच के अधिकारियों ने जब्त कर ली है. अधिकारियों की ओर से की गई



इस कार्रवाई से हड़कंप मच गया है. इन संपत्तियों में नासिक के मालेगांव में एक फार्महाउस, शिलफाटा में एक फ्लैट, एक रो हाउस, मुंब्रा में एक फ्लैट, शिलफाटा के पास चाली में एक घर, लाखों के सोने और चांदी के गहने और नकदी शामिल हैं। एक क्रेटा कार भी जब्त की गई है. ये चल-अचल संपत्ति नशीले पदार्थों की खरीद-फरोख्त से अर्जित धन से जमा की गई थी। जिसे अब जब्त कर लिया गया है. अधिकारियों ने कुल 3 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की है। अगस्त में क्राइम ब्रांच ने नशे का कारोबार करने वाले गिरोह के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की थी. अधिकारियों ने कुल 12 लोगों को गिरफ्तार किया और उनके पास से एमडी और चरस समेत करोड़ों रुपये की दवाएं जब्त कीं. साहिल रमजान अली खान उर्फ मस्सा (27) मोहम्मद अजमल कासम शेख (45) शमसुद्दीन नियाजुद्दीन शाह (22) इमरान असलम पठान (37), मोहम्मद तौसीफ शौकत अली मंसूरी (27), मोहम्मद इस्माइल सलीम सिद्दीकी (24), सरफराज शाबिर अली खान उर्फ गोल्डन (36), रईस अमीन कुरेशी (38), सना शब्बीर अली खान उर्फ प्रियंका अशोक कारकौर (24), कायनात साहिल खान (28), सईद सज्जाद शेख और अली जवाद जाफर मिर्जा को गिरफ्तार किया गया।

# कार में झपकी लेना पड़ा भारी...

**नायगांव :** एक युवक को कार में झपकी लेने की भारी कीमत चुकानी पड़ी। चोर ने कार का दरवाजा खोलकर उसकी जेब से रखा डेढ़ लाख का फोन लूट चोरी कर लिया। यह घटना मुंबई-अहमदाबाद राजमार्ग पर नायगांव पुलिस स्टेशन की सीमा में बापाने में हुई। राहगीरों से फोन लूटना आम बात है, लेकिन कार में झपकी ले रहे एक युवक से भी चोरों ने उसका महंगा आईफोन उड़ा लिया। वसई निवासी अभिजीत राणे (33) घटना की रात मुंबई-अहमदाबाद हाईवे से घर आ रहे थे। वह बापाने में लोटस ढाबा के पास अपने दोस्त से मिलने जा रहे थे। अभिजीत कार में बैठा उसका इंतजार कर रहा था, इस दौरान उसे झपकी लग गई।

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिन्टिंग प्रेस, गाला नं.4, एन. के. इंडस्ट्रीयल इस्टेट, प्रवासी इंडस्ट्रीयल इस्टेट के अंदर, गेट नं. 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई- 400063 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। संपर्क कार्यालय : शॉप नंबर ४ , मदीना मेंशन, ८९ ए, कैडल रोड, अपोजिट बिल्लाबोंग स्कूल, माहिम पश्चिम, मुंबई ४०००१६ , महाराष्ट्र मोबाइल नं 998777 5650 व्हाट्सप्प नं 7977408589: Email-editor@rokthoklekhaninews.com

www.rokthoklekaninews.com facebook@rokthoklekhani youtube@rokthoklekhani twitter@rokthoklekhani